Delhi Public School, Howrah

PERIODIC ASSESSMENT-I (2024-2025)

Class-VIII

Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.

SUBJECT: HINDI (3RD LANGUAGE)

अवधि:- 1 घंटा **कुल अंक- 20**

सामान्य निर्देश :-

I. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

II. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।

प्रश्न(1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X5=5)

हिमालय भारत माता का मस्तक है। भारत का गौरव तथा रक्षक है। भारत की सीमाओं का यह प्रहरी अनेक युगों से भारत की रक्षा करता आया है। भारत के उत्तर में एक तपस्वी की भाँति अचल, दृढ़ और मौन होकर खड़ा हिमालय हमें धैर्य, सहनशीलता और दृढ़ता का पाठ पढ़ाता है। यदि हिमालय न होता तो भारत की शस्य-श्यामला धरती मरुभूमि होती तथा यह धरती धन-धान्य से भरी न होती। इससे निकलने वाली अनेक नदियाँ भारतवासियों के लिए गौरव का विषय हैं। हिमालय के कारण ही आज हम अनेक प्रकार से सुरक्षित तथा समृद्धिशाली हैं।

(क) भारत माता का मस्तक किसे कहा गया है?

उत्तर- भारत माता का मस्तक हिमालय को कहा गया है।

(ख) हिमालय हमें किसका पाठ पढ़ाता है?

उत्तर- हिमालय हमें धैर्य, सहनशीलता और दृढ़ता का पाठ पढ़ाता है।

(ग) हिमालय भारत की किस दिशा में स्थित है?

उत्तर-हिमालय भारत की उत्तर दिशा में स्थित है।

(घ) यदि हिमालय न होता तो भारत की धरती कैसी होती?

उत्तर- यदि हिमालय न होता तो भारत की धरती मरुभूमि होती।

(ङ) शब्दों के अर्थ लिखिए -

उत्तर- मरुभूमि - रेगिस्तान

प्रश्न (2) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए- **(1X2=2)**

क) जुर्माना - अर्थदंड

ख) भंडार - खज़ाना

प्रश्न (3) निम्न शब्दों से वाक्य बनाएँ- **(1X2=2)**

क) सदैव -

ख) कीटाणु -

प्रश्न (4) निम्न प्रश्नों के उत्तर 10 -15 शब्दों में दीजिए- **(1X4=4)**

क) धोखेबाज़ दरबारी को राजा ने क्या दंड दिया?

उत्तर- राजा ने धोखेबाज़ दरबारी को दंड-स्वरूप तीस स्वर्ण मुद्राएँ लौटाने का आदेश दिया और उस पर पाँच स्वर्ण मुद्राओं का जुर्माना भी लगाया।

ख) चार लाल मोर लाकर तेनालीराम ने राजा से क्या कहा?

उत्तर- चार लाल मोर लाकर तेनालीराम ने राजा से कहा कि हमारे दरबारी मित्र बहुत कोशिशों के बाद पच्चीस स्वर्ण मुद्राओं में केवल एक मोर ला पाए थे, किंतु मैं पचास स्वर्ण मुद्राओं में उससे भी सुंदर चार मोर लाया हूँ।

ग) जल की स्वच्छता बनाए रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

उत्तर- जल के भंडारों में ऐसा कोई पदार्थ नहीं डालना चाहिए जिससे पानी गंदा हो। नदियों की सफाई पर पूरा ध्यान देना चाहिए। जल की स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करना चाहिए।

घ) किन्ही दो हिन्दी महीनों के नाम लिखिए।

उत्तर-

प्रश्न (5) सही शब्द से वाक्य पूरे कीजिए- **(1X2=2)**

क) किसी आकर्षक वस्तु को देखकर उसके .... में नहीं आना चाहिए।

उत्तर- लालच

ख) कुछ जीवों में उनके शरीर के वज़न का .... पानी होता हैं।

उत्तर- 90 प्रतिशत

प्रश्न (6) अनुच्छेद लिखिए:- (80 से 100 शब्दों में) **(5)**

"ग्रीष्म ऋतु" अथवा "हमरा राष्ट्रीय पक्षी" - दोनों विषयों में से किसी एक विषय पर **<u>अनुच्छेद</u>** लिखिए-